# अध्याय 13

# हम बीमार क्यों होते हैं

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा विषाणु रोग नहीं है?

(a) डेंगू

(b) एड्स

(c) टायफॉइड

(d) इंफ्लुएंजा

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाणु रोग नहीं है?

(a) हैजा

(b) तपेदिक

(c) एंथ्रेक्स

(d) इंफ्लुएंजा

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग मच्छर से संचरित नहीं होता है?

(a) मस्तिष्क ज्वर

(b) मलेरिया

(c) टायफॉइड

(d) डेंगू

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग जीवाणु द्वारा होता है?

(a) टायफॉइड

(b) एंथ्रेक्स

(c) क्षय रोग (तपेदिक)

(d) मलेरिया

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग प्रोटोजोआ प्राणियों द्वारा होता है?

(a) मलेरिया

(b) इंफ्लुएंजा

(c) एड्स

(d) हैजा

© NCERT not to be republished

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डालता है?

(a) खाँसी-जुकाम

(b) चिकनपॉक्स (छोटी माता)

(c) तंबाकू चबाना

(d) तनाव

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा संक्रमित व्यक्ति आपके संपर्क में आने पर आपको बीमार कर सकता है?

(a) उच्च रक्त दाब

(b) आनुवंशिक अपसामान्यता

(c) छींक

(d) रुधिर कैंसर

**8.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा एड्स नहीं फैल सकता है?

(a) लैंगिक संसर्ग

(b) गले मिलना

(c) स्तनपान

(d) रक्ताधान

**9.** प्रतिविषाणुक औषधियाँ बनाना प्रतिजीवाणुक दवाइयों के बनाने की अपेक्षा अधिक कठिन है क्योंकि–

(a) विषाणु (वाइरस) परपोषी की मशीनरी का उपयोग करते हैं

(b) विषाणु (वाइरस) सजीव और निर्जीव की सीमा रेखा पर हैं

(c) विषाणु (वाइरस) में अपनी जैवरासायनिक प्रणाली बहुत कम होती है

(d) विषाणु (वाइरस) के चारों ओर प्रोटीन से बना कवच होता है

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोगजनक कालाजार का कारण होता है?

(a) *ऐस्केरिस*

(b) *ट्रिपैनोसोमा*

(c) *लीश्मैनिया*

(d) बैक्टीरिया

**11.** यदि आप छोटे से भीड़भाड़ वाले तथा कम हवादार घर में रह रहे हैं, तो आपको निम्नलिखित में से कौन-से रोग होने की संभावना हो सकती है?

(a) कैंसर

(b) एड्स

(c) वायुवाहित रोग

(d) हैजा

© NCERT not to be republished

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी मच्छर द्वारा नहीं फैलती है?

(a) डेंगू

(b) मलेरिया

(c) मस्तिष्क ज्वर या एनसेफेलिटिस

(d) न्यूमोनिया

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए प्रमुख नहीं है?

(a) एक स्वच्छ स्थान में रहना

(b) अच्छी आर्थिक स्थिति

(c) सामाजिक समानता तथा मेल-जोल की भावना

(d) एक बड़े और सुसज्जित भवन में रहना

**14.** निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए–

(a) उच्च रक्त दाब, अधिक वजन व व्यायाम के न करने के कारण होता है

(b) आनुवंशिक अपसामान्यताओं के कारण कैंसर होता है

(c) अम्लीय भोजन खाने के कारण पेप्टिक व्रण (अल्सर) का होना

(d) एक्ने (Acne) स्टेफाइलोकोकाई के कारण नहीं होता है

**15.** हमें अपने वातावरण में मच्छरों के प्रजनन को रोकना चाहिए क्योंकि वे–

(a) बहुत तीव्र गति से गुणन करते हैं और प्रदूषण फैलाते हैं

(b) बहुत सी बीमारियों के रोगवाहक हैं

(c) काटते हैं और त्वचा की बीमारियों का कारण बनते हैं

(d) विशेष कीट नहीं हैं

**16.** आप अपने शहर में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जागरूक हैं। इसके लिए बच्चों का टीकाकरण किया जाता है क्योंकि–

(a) टीकाकरण, पोलियो फैलाने वाले सूक्ष्मजीवों को नष्ट कर देता है

(b) पोलियो फैलाने वाले जीवों का प्रवेश रोक देता है

(c) यह शरीर में रोग प्रतिरोधकता को उत्पन्न करता है

(d) उपरोक्त सभी

**17.** विषाणुओं से हैपेटाइटिस रोग होता है। यह रोग निम्नलिखित में से किसी एक द्वारा संचरित होता है–

(a) वायु

(b) जल

(c) भोजन

(d) व्यक्तिगत संपर्क

© NCERT not to be republished

**18.** वेक्टर (संवाहक) की सही परिभाषा कौन-सी है?

(a) वह जीव जो संक्रामक कारकों को एक रोगग्रस्त व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति तक ले जाता है

(b) सूक्ष्मजीव जो बहुत से रोगों को फैलाता है

(c) संक्रमित व्यक्ति

(d) रोगग्रस्त पादप

## लघुउत्तरीय प्रश्न

**19.** निम्नलिखित में से प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए–

(a) तीव्र रोग

(b) दीर्घकालिक रोग

(c) संक्रामक रोग

(d) असंक्रामक रोग

**20.** प्रोटोजोआ प्राणियों के कारण होने वाले दो रोगों के नाम लिखिए। उनके कारक जीवों के नाम बताइए।

**21.** पेप्टिक व्रण किस जीवाणु के द्वारा होता है? प्रथम बार इस रोगजनक को किसने खोजा था?

**22.** प्रतिजैविक क्या है? कोई दो उदाहरण दीजिए।

**23.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(a) न्यूमोनिया ——— रोग का एक उदाहरण है

(b) त्वचा के अनेक रोग ——— के द्वारा फैलते हैं

(c) प्रतिजैविक आमतौर पर जैवरासायनिक पथ को, जो ——— की वृद्धि के लिए आवश्यक है, अवरुद्ध कर देता है

(d) वे सजीव जीव जो संक्रामककारक को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक ले जाते हैं उन्हें ——— कहते हैं

**24.** निम्नलिखित रोगों से कौन-से अंग प्रभावित होते हैं–

(a) हैपेटाइटिस से प्रभावित अंग

(b) दौरा या अर्धचेतनावस्था से प्रभावित अंग

(c) न्यूमोनिया से प्रभावित अंग

(d) कवक से प्रभावित अंग

**25.** 'टीका' (वैक्सीन) की पहली बार खोज किसने की थी? ऐसे दो रोगों के नाम लिखिए जिनका उपचार टीकाकरण से किया जा सके।

© NCERT not to be republished

**26.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(a) ———रोग बहुत दिन तक लगातार बने रहते हैं और शरीर पर इनका ——— बना रहता है

(b) ——— रोग कुछ दिन तक रहता है तथा शरीर पर कोई दीर्घकालिक प्रभाव नहीं छोड़ता है

(c) ——— शब्द शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक कार्य सुचारू और सुखद प्रकार से पूरा करने को परिभाषित करता है

(d) खाँसी-जुकाम एक ——— रोग है

(e) बहुत से त्वचा रोग ——— के कारण होते हैं

**27.** निम्नलिखित रोगों को संक्रामक तथा असंक्रामक में वर्गीकृत कीजिए–

(a) एड्स (b) तपेदिक (c) हैजा (d) उच्च रक्तदाब

(e) हृदय रोग (f) न्यूमोनिया (g) कैंसर

**28.** सूक्ष्मजीवों के उन दो वर्गों के नाम लिखिए जिनसे प्रतिजैविक प्राप्त किया जा सके।

**29.** वेक्टरों से फैलने वाले तीन रोगों के नाम लिखिए।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न

**30.** कारण सहित व्याख्या कीजिए–

(a) स्वस्थ शरीर को बनाए रखने के लिए संतुलित आहार करना आवश्यक होता है

(b) किसी प्राणी का स्वास्थ्य उसके आस-पास के पर्यावरण की अवस्थाओं पर आश्रित होता है

(c) हमारे आस-पास के क्षेत्र में रुका हुआ जल नहीं होना चाहिए

(d) सामाजिक मेलजोल की भावना तथा अच्छी आर्थिक स्थिति अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है

**31.** रोग से क्या तात्पर्य है? आपने कितने प्रकार के रोगों का अध्ययन किया है? उनके उदाहरण दीजिए।

**32.** रोग लक्षण से आप क्या समझते हैं? दो उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए।

**33.** प्रतिरक्षा-तंत्र (Immune system) हमारे स्वास्थ्य के लिए क्यों आवश्यक है?

**34.** "रोग की रोकथाम उसके उपचार से बेहतर है।" इस कथन की सार्थकता दिखाने के लिए आप कौन-सी सावधानियाँ बरतेंगे?

**35.** एक ही वातावरण (आस-पास) में रहने वाले कुछ बच्चे अन्य बच्चों की अपेक्षा बहुधा बीमार होते रहते हैं।

**36.** विषाणु रोगों के लिए प्रतिजैविक प्रभावी क्यों नहीं होते?

**37.** किसी संक्रामक सूक्ष्मजीव से संक्रमित होने या उसके प्रभाव में आने का अर्थ अनिवार्य रूप से किसी रोग से ग्रस्त होना नहीं है। इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**38.** किसी व्यक्ति के लिए वे कौन-सी चार बातें हैं जो उसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए आवश्यक होती हैं?

**39.** एड्स को एक सिंड्रोम क्यों कहा गया है, रोग नहीं?

© NCERT not to be republished



17/04/2018